Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take steps to desilt dams and to allocate fund for beautification of step wells in Bundelkhand region.

श्री अनुराग शर्मा (झांसी): महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से जल मंत्री जी का थोड़ा सा ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। मैं बुन्देलखंड से आता हूँ और बुन्देलखंड में जैसे सभी को पता है कि हमारे यहाँ पानी की बहुत कमी रहती है।...(व्यवधान) बुन्देलखंड में बहुत पुराने-पुराने डैम्स भी हैं और हम सब लोग जानते हैं कि अब नए बड़े डैम्स बनना संभव ही नहीं है। मैं मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित कराना चाहता था कि हमारे डैम्स की डीसिल्टिंग हो जाए तो वहाँ से मिट्टी निकालकर हम अपने किसान भाइयों को दे सकें, जिससे वे उस मिट्टी को अपने खेतों में बिछा लें। डीसिल्टिंग से डैम्स में विशेष रूप से माताटीला, सुकमा दुकमा, पारीचा, राजघाट, जितने भी डैम्स हैं, इन सब डैम्स की 30 से 50 परसेंट कैपेसिटी बढ़ सकती है। मेरा माननीय मंत्री जी से यही आग्रह है।

दूसरा, एक और उनसे आग्रह था कि पूर्व में चंदेला डाइनेस्टी, जो पूरे बुन्देलखंड में राज करती थी, उन्होंने 2 हजार से ज्यादा बावलियाँ बनाईं। ये बहुत सुन्दर-सुन्दर बावली हैं। मंत्री महोदय खुद ही राजस्थान से आते हैं। इन्होंने स्टेप वेल्स बहुत अच्छी तरह से देखे हैं। अगर उसके लिए हमें कुछ धनराशि आवंटित हो जाए तो हमारे स्टेप वेल्स और विशेष रूप से इनके सुन्दरीकरण और पानी के स्रोत हम शुरू कर सकेंगे। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।